तापमान

अधिकतम 38 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, सोमवार 5 मई 2025

[ कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड ]



13 वैज्ञानिकों ने मखाना खेती और सरकारी योजनाओं...





14 बेमौसम बारिश से सब्जियों की फसल खराब




## खबर संक्षेप

### कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन कल

**धमतरी।** ब्लॉक कांग्रेस शहर के अध्यक्ष योगेश शर्मा ने बताया कि 6 मई मंगलवार को सुबह 11 बजे से गांधी मैदान में जनहित के मुद्दों को लेकर कांग्रेस विरोध प्रदर्शन करेगी जिसमें भाजपा की ट्रिपल इंजन सरकार का जनता से छलावे को बेनकाब करेगी।



### सुरभि का नेशनल बैडमिंटन में चयन

**धमतरी।** स्थानीय बठेना निवासी अभा पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला धमतरी के सदस्य अजय कुमार साहू एवं खेल शिक्षिका लक्ष्मी साहू की पुत्री सुरभि साहू का चयन राष्ट्रीय स्तर पर बैडमिंटन (अंडर 14) में हुआ है। वह 20 अगस्त को केरल के अर्नाकुलम में भारत के अन्य राज्यों के खिलाड़ी के साथ राष्ट्रीय खेल में भाग लेंगी। सुरभि केंद्रीय विद्यालय बैकुंठपुर जिला कोरिया में कक्षा आठवीं की छात्रा है। पहले ही प्रयास में सफलता मिली। अपने खेल का लोहा मनवाते हुए कोच शीबू मित्रा के मार्गदर्शन में अपने प्रतिद्वंदी को हराकर राष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गई है। इस उपलब्धि पर भुवन लाल, चन्द्रिका बाई समेत पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला धमतरी के पूर्व सैनिकों ने हर्ष व्यक्त किया है।



### पेंशनर एसोसिएशन की बैठक 6 को

**धमतरी।** पेंशनर एसोसिएशन की मासिक बैठक 6 मई को दोपहर 1 बजे पेंशनर एसोसिएशन भवन धमतरी में रखी गई है। बैठक में पेंशनरों का जन्मदिन एवं नये सदस्यों का सम्मान किया जायेगा। एसोसिएशन के सभी सदस्यों से निर्धारित समय पर उपस्थित होने की अपील की गई है।

जिले में अग्नि सुरक्षा के उपायों की अनदेखी, बढ़ रहीं दुर्घटनाएं

# फायर एनओसी के बिना चल रहे कोचिंग सेंटर, मैरिज ग्राउंड

- आनलाइन प्रक्रिया आसान होने के बाद भी संचालक एनओसी लेने सामने नहीं आ रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में अग्निसुरक्षा उपायों की अनदेखी हो रही है। विडंबना यह है कि जिले के अधिकांश होटल, अस्पताल, उद्योग, कारखाने, स्कूल, ट्रेनिंग सेंटर, मैरिज ग्राउंड सहित अन्य संस्थाओं के पास फायर एनओसी ही नहीं है। इनमें से कई संस्थाएं तो ऐसे स्थान पर चल रही हैं, जहां पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी ही नहीं पहुंच सकती है।

फायर नो ऑब्जेक्शन सर्टिफिकेट यानी फायर एनओसी किसी भी संस्था या भवन के लिए जरूरी है। राज्य सरकार ने फायर एनओसी लेने की प्रक्रिया काफी आसान कर दी है। इसके लिए ऑनलाइन आवेदन करना पड़ता है। प्रक्रिया आसान होने के बाद भी फायर एनओसी लेने के लिए महत्वपूर्ण संस्थाओं के संचालक सामने नहीं आ रहे हैं। करीब सालभर पहले नगर सेना ने मैरिज ग्राउंड सहित अन्य संस्थाओं की जांच की थी, जिसमें अधिकांश संस्थाओं में फायर एनओसी नहीं मिली। नगर सेना द्वारा इन संस्थाओं को फायर एनओसी लेने की हिदायत दी गई थी लेकिन आज तक इसमें से अधिकांश संस्थाओं ने फायर एनओसी लेने में रूचि नहीं ली है। उधर सालभर से शहर में फायर एनओसी की जांच ही नहीं हुई है। इसके चलते भी संस्था संचालक इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि फायर एनओसी एक निर्धारित समय के लिए दी जाती है। कई लोगों ने एनओसी ली थी, लेकिन अब एनओसी एक्सपायर हो चुकी है। उनके द्वारा भी नवीनीकरण के लिए आवेदन नहीं किया गया है।

### गर्मी में दुर्घटना का खतरा

मौसम खुलते ही भयावह गर्मी पड़ने की आशंका है। ऐसे में आग्नि दुर्घटनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है। अप्रैल में ही आगजनी की घटनाएं बढ़ गई थीं। उधर अधिकांश कोचिंग सेंटर, मैरिज ग्राउंड, होटल, फैक्ट्री, स्कूल, कॉलेज, उद्योग, कारखाने सहित अन्य संस्थाओं में आग से बचने के उपाय नहीं किए गए हैं। न तो उनके पास फायर इंस्टेगेसर है और न ही रेत से भरी बाल्टियां रखी गई हैं। इन संस्थाओं ने फायर एनओसी के लिए अप्लाई ही नहीं किया है। ऐसे में यदि कोई दुर्घटना होती है तो बड़ा नुकसान हो सकता है।





### नगर सेना के पास सूची ही नहीं

फायर ब्रिगेड का संचालन नगर सेना के माध्यम से हो रहा है। विडंबना यह है कि नगर सेना के पास फायर एनओसी को लेकर किसी प्रकार की सूची ही नहीं है। जब से फायर एनओसी ऑनलाइन हुआ है। एनओसी देने का पूरा काम हेड क्वाटर से होता है। यहां पर किसको एनओसी मिली है किसको नहीं, इसकी सूची तक नहीं भेजी जाती है। ऐसे में फायर ब्रिगेड टीम को जांच करने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जब भी जांच होती है टीम को हर संस्था में जाकर एनओसी की जांच करनी पड़ती है। तब पता चलता है कि उस संस्था को एनओसी मिली है कि नहीं।

### समय-समय पर होती है जांच


फायर एनओसी को लेकर सम- समय में जांच की जाती है। जिनके पास फायर एनओसी नहीं मिलती है, उन्हें हिदायत दी जाती है कि एनओसी ले लें। जांच के बाद रिपोर्ट बनाकर हेडक्वार्टर को भेज दिया जाता है। फायर एनओसी नहीं होने पर जिलास्तर पर कोई ठोस कार्रवाई का प्रावधान नहीं है।

- शोभा ठाकुर, *जिला सेनानी नगर सेना*

# डॉक्टर बनने विद्यार्थियों ने दिलाई नीट की परीक्षा

- तीन स्तर पर थी सुरक्षा की कड़ी व्यवस्था, गड़बड़ी रोकने अधिकारी रहे तैनात
- मोबाइल सिग्नल जैमर, बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन, फर्स्टएड किट, एम्बुलेंस की व्यवस्था रही

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





देश के सबसे प्रतिष्ठित टफ एग्जाम नीट की परीक्षा धमतरी के तीन केन्द्रों में भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच हुई। एनटीए ने परीक्षा को निष्पक्ष और सुरक्षा के बीच सुचारू रूप से कराने कड़े कदम उठाए थे। परीक्षा की निगरानी के लिए तीन स्तर पर सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। सभी स्तर पर गड़बड़ी रोकने अधिकारियों की तैनाती थी। परीक्षा केन्द्र में 100 मीटर के दायरे पर मोबाइल सिग्नल जैमर, इलेक्ट्रानिक डिवाइस की व्यवस्था थी। तलाशी के लिए कर्मचारियों की भी ड्यूटी लगाई गई थी। परीक्षार्थियों की पहचान के लिए बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन की व्यवस्था की गई थी जिससे पहचान कर अंदर प्रवेश कराया गया। परीक्षा केन्द्रों में फर्स्ट एंड किट, एम्बुलेंस की व्यवस्था थी। परीक्षार्थियों ने एडमिट कार्ड के अलावा एक पहचान पत्र ही लेकर प्रवेश किया। चूड़ी, बेल्ट, रिंग, टोपी, चश्मा, पर्स, घड़ी, जूता, मोजा, फुल शर्ट, बटन वाली शर्ट, पेन, अंगूठी, ब्रेसलेट, गहना, इलेक्ट्रानिक सामान, मोबाइल, स्मार्ट घड़ी, ब्लूटूथ, ईयरफोन, रंगीन पानी बॉटल आदि प्रतिबंध था। उक्त सामानों को प्रवेश के पहले बाहर कर दिया गया। सुरक्षा के लिए अधिकारियों के अलावा 10-10 सुरक्षाकर्मी तैनात थे।

परीक्षा पूरी तरह अंग्रेजी माध्यम पर थी, जिसमें जीव विज्ञान, रसायन शास्त्र और भौतिकी शास्त्र से संबंधित प्रश्न पूछे गए। परीक्षा में कुल 180 प्रश्न थे जिसका उत्तर वस्तुनिष्ठ था। वैकल्पिक आधार पर प्रश्नों के लिए 720 अंक था। प्रत्येक प्रश्न के लिए सही उत्तर देने पर 4 अंक निर्धारित था। रिजल्ट माइनस मार्क पर आधारित है। परीक्षार्थी मुकेश शर्मा, वैशाली माहुरकर, सोनाली ध्रुर्वे, रूपाली राव ने बताया कि उच्च स्तर पर तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रश्न पत्र सरल था। सही समय पर सभी प्रश्न हल कर लिए हैं। परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक हुई।

एनटीए नीट यूजी परीक्षा जिले के को-आर्डिनेटर डॉ. नितिन कुमार शर्मा ने बताया कि नीट परीक्षा में टोटल 1081 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 1058 ने परीक्षा दिलाई। 25 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। परीक्षा में 4 विद्यार्थी शारीरिक रूप से अक्षम एवं दृष्टिहीन थे, जिन्होंने सरलतम रूप से परीक्षा दिलाई। जिले में 3 सेंटर बनाए गए थे, जिसमें बीसीएस पीजी कॉलेज में 600, पॉलीटेक्निक कॉलेज रूद्री में 240 तथा शिवसिंह वर्मा हा.से. स्कूल में 240 परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था थी। परीक्षा शांतिपूर्वक ढंग से संपन्न हुई। समय पर सभी विद्यार्थी परीक्षा कक्ष में प्रवेश किए।

श्री शर्मा ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों की सीसीटीवी कैमरे से निगरानी हुई। परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक हुई। इससे पूर्व परीक्षार्थियों को सुबह 11 बजे से ही प्रवेश दिया गया। दोपहर 1:30 बजे के बाद प्रवेश बंद कर दिया गया। समयावधि में सभी परीक्षा केन्द्र में आ गए। परीक्षा होने तक मेन गेट बंद था। 10 सुरक्षाकर्मी अंदर, बाहर तैनात थे। परीक्षा में बालक, बालिका की अलग-अलग जांच की गई। सभी निर्देश से परीक्षार्थी अवगत थे। तीनों केन्द्रों में एक-एक मजिस्ट्रेट मौजूद थे।

परीक्षा पूर्व तैयारी का निरीक्षण कलेक्टर अबिनाश मिश्रा एवं एसपी सूरज सिंह परिहार ने किया था।

# पर्यटकों को भा रहा गंगरेल का मचानहट



- पहाड़ी, जंगल और जलाशय के बीच बने सत्कार सरोवर में पहुंच रहे सैलानी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



गंगरेल पर्यटन का हर्बल मानव वन तथा मचान हट पर्यटकों को लुभा रहा है। मानव वन के रोमांचकारी एडवेंचर में सैलानी विभिन्न एक्टीविटिज कर रहे हैं वहीं मचान हट में रात बिताना लोगों को खूब पसंद आ रहा है।

सत्कार सरोवर मचान हट का प्रभार देख रहे यशकुमार ने बताया कि गंगरेल बांध के तट पर बने मचानहट में रात ठहरने की सुविधा वन विभाग द्वारा दी जा रही है। जलाशय किनारे और जंगल में प्राकृतिक सौंदर्य के बीच रात बिताना पर्यटकों के लिए यादगार पल साबित हो रहा है।

मचान हट में एक दिन और रात गुजारने वाले प्रमोद कुमार साहू ने बताया कि पहाड़ी के नीचे जलाशय किनारे जंगल में रात ठहरना उनके लिए यादगार का पल बन गया है। उन्होंने बताया कि मचानहट में दोपहर 12 बजे उनकी एंट्री हुई। मां अंगारमोती के दर्शन के पश्चात, गार्डन, एडवेंचर का मजा लिया। शाम को मचानहट पहुंचे। मचानहट में मनचाहा खाना मिला। शाम ढलते ही वे अपने रूम में चले गए। चांदनी रात में यहां का प्राकृतिक नजारा बेहद खूबसूरत हो गया। दिन में जहां मोर आदि पक्षियों का कलरव सुनाई दे रहा था, वहीं रात में जंगली जानवरों की आवाज सुनाई पड़ने लगी। 12 फीट उंचे मचानहट में वे सुरक्षित महसूस कर रहे थे। बाहर का सुंदर नजारा के साथ जंगली जानवरों को देखने का प्रयास किया। उन्हें लगा कि जंगली सुअरों का दल जलाशय में पानी पीने आया है। रात्रि विश्राम के बाद मचानहट में सुबह का सूर्योदय मन को जीत लिया। गंगरेल के मचानहट में ठहरना उनके लिए जीवनभर का यादगार बन गया है।

### अपने उद्देश्य से भटक रहा है मानव वन

करीब 10 साल पहले गंगरेल पर्यटन पैकेज के रूप में वन विभाग ने हर्बल मानववन का प्रोजेक्ट तैयार किया गया। यहां विशाल मानव आकृति बनाकर उसके शरीर के समस्त अंगों में हर्बल पौधे रोपे गए हैं। मानव आकृति में जिस-जिस अंग में औषधि पौधे लगाए गए थे, वह औषधि पौधा उस अंग की बीमारी को दूर करने का काम आता था। आज मानव आकृति तो है लेकिन औषधि पौधे नदारद हैं। पर्यटकों को औषधि पौधों के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हर्बल मानव वन भटक गया है। वन प्रबंधन समिति गंगरेल के अध्यक्ष कोमल साहू कहते हैं कि मानववन में पानी की समस्या है। बारिश में हर्बल पौधों की रोपणी की जाएगी। गाइड के माध्यम से पर्यटकों को औषधि पौधों के बारे में जागरुक किया जाएगा।

# समाधान शिविरों में मुख्यमंत्री का होगा अप्रत्याशित आगमन

- 5 से 30 मई तक तीसरे चरण का शिविर लगेगा, करीब 70 योजनाओं का लाभ ले सकेंगे हितग्राही

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छग सरकार द्वारा चलाए जा रहे सुशासन तिहार का तीसरा चरण आज से शुरु होगा। 25 दिनों तक चलने वाले तीसरे चरण में करीब दर्जनभर ग्राम पंचायतों का कलस्टर बनाकर समाधान शिविर का आयोजन किया जायेगा। समाधान शिविर का मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव औचक निरीक्षण करेंगे।

रविवार को कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने प्रेसवार्ता में सुशासन तिहार की जानकारी साझा किया। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार में लगभग 2.8 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें से 98 प्रतिशत आवेदन मांग से संबंधित हैं जबकि 2 प्रतिशत आवेदन शिकायत से हैं।

कलेक्टर ने कहा कि धमतरी जिले की जनता अपने अधिकार को लेकर सजग और जागरुक हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप राज्य में सुशासन 2025 का आयोजन किया जा रहा है। प्रथम चरण में 8 से 11 अप्रैल तक निकायों के वार्डों, नगरीय निकाय, प्रत्येक ग्राम पंचायत, ब्लाक स्तर तथा जिला मुख्यालय में समाधान पेटी के माध्यम से आवेदन लिया गया। कई लोगों ने आनलाइन आवेदन भी किया है। जिले में 2 लाख 27 हजार 981 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिसमें से 2,23,330 आवेदन मांग संबंधित हैं, जबकि 4601 शिकायत आवेदन है। मांग वाले 2 लाख 18 हजार 673 आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। वहीं 4138 शिकायत वाले आवेदनों का निराकरण किया गया है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि सबसे अधिक मांगों में 55 हजार पीएम आवास हैं। इसके अलावा पेंशन, राशन कार्ड, महतारी वंदन, मनरेगा में काम, किसान सम्मान निधि, कृषि उपकरण, खाद, बीज, रोड, नाली आदि हैं। 12 अप्रैल से 4 मई तक दूसरे चरण के बाद 5 से 30 मई तक सुशासन तिहार का तीसरा चरण शुरु होगा। इस दौरान 10 से 15 ग्राम पंचायतों का कलस्टर बनाकर समाधान शिविर आयोजित होगा। जिसमें शिकायत एवं मांगों का त्वरित निराकरण किया जाएगा।

### सीएम आम जनता से करेंगे संवाद



तीसरे चरण के दौरान समाधान शिविर में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रीगण, मुख्य सचिव, प्रभारी सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। औचक निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री आमजनता से संवाद करेंगे। योजनाओं का फीडबैक लेंगे। शिविर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री प्रेसवार्ता को संबोधित करने के साथ विभिन्न संगठनों एवं नागरिकों से चर्चा करेंगे।

### समाधान शिविर के लिए 32 कलस्टर का चयन

जिले में 32 कलस्टर बनाए गए हैं जिसमें जिले की 370 ग्राम पंचायतें समाधान शिविर में शामिल होंगी। कुरूद विकासखंड में जोरातराई, पचपेड़ी, भुसरेंगा, सिहाद, जीजामगांव, चर्रा, चटौद, सिर्री, नारी और कुहकुहा में समाधान शिविर लगेगा। इसी तरह नगरी ब्लाक में कुकरेल, दुगली, गट्टासिल्ली, सांकरा, सिहावा, घटुला, बेलरगांव में समाधान शिविर आयोजित होगा। धमतरी ब्लाक में अकलाडोंगरी, खम्हरिया, लीलर, खरेंगा, रूद्री, रांवा, परसतराई, भोथली तथा रांवा, मगरलोड ब्लाक में खिसोरा, मोहेरा, भेंडरी, छोटी करेली, शुक्लाभाठा, सिंगपुर, पहंदा में शिविर लगेगा। नगरीय निकाय क्षेत्र में नगर निगम धमतरी में दो समाधान शिविर लगेगा, वहीं नगर पंचायत कुरूद, मगरलोड, आमदी, भखारा, नगरी में एक-एक समाधान शिविर लगेगा।

### जनकल्याणकारी योजनाओं का मिलेगा लाभ

समाधान शिविर में शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। शिविर के अलग अलग स्टाल में तहसील के कर्मचारी किसान किताब, ऋण पुस्तिका, बीवन, खसरा की नकल देंगे। महातारी वंदन, नोनी सुरक्षा, छात्रवृत्ति, श्रमकार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशनकार्ड से संबंधत आवेदनों का त्वरित निराकरण होगा। स्वास्थ्य शिविर, शासकीय योजनाओं के तहत मिली राशि का भुगतान होगा। बैंक के अधिकारी अटल पेंशन, प्रधानमंत्री सुरक्षा, जीवन ज्योति बीमा, किसान क्रेडिट कार्ड, आरएलएम के हितग्राहियों का प्रकरण निराकरण करेंगे। लोकसेवा केंद्रों की सुविधा, अस्थाई ड्रायविंग लायसेंस, हाईटेक नंबर प्लेट का पंजीयन होगा। शिविर में विकासखंड एवं अनुभाग स्तर के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

## पुलिस अधीक्षक ने किया दुगली थाना का औचक निरीक्षण

# अदम तामील की तस्दीक नहीं करने पर थाना प्रभारी को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दुगली थाना निरीक्षण के दौरान एसपी ने कर्मचारी गिरफ्तारी वारंट अदम तामील की तस्दीक नहीं करने पर थाना प्रभारी प्रकाश नाग को कारण बताओ नोटिस जारी किया। उन्होंने थाना में आने वाले फरियादियों से शालीनतापूर्वक व्यवहार करने के निर्देश दिए।

शनिवार को पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार ने दुगली थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक श्री परिहार ने थाने में दर्ज विभिन्न गंभीर अपराधों की जानकारी थाना प्रभारी एवं विवेचकों से ली। अपराधों, शिकायत, मर्ग एवं लंबित अपराधों की पेंडिंग सूची का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुशासन त्योहार में प्राप्त शिकायत पत्रों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। थाने में सभी विवेचकों से जानकारी ली कि किसके-किसके पास कितने लंबित प्रकरण हैं। प्रकरणों के त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये। उन्होंने प्रत्येक विवेचक को केस डायरी का अध्ययन करने तथा अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस टीम को सतर्क रहकर मुस्तैदी से कार्य करने के भी निर्देश दिये। कर्मचारी गिरफ्तारी वारंट अदम तामील की तस्दीक नहीं करने पर प्रभारी सउनि प्रकाश नाग को कारण बताओ नोटिस जारी किया। अपराधों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध अधिक से अधिक प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने रोजनामचा, मालखाना, कंप्यूटर कक्ष, अपराधियों की सूची, अपराधों की जांच, फरार आरोपियों की जानकारी ली।




## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप


कृतिका साहू


काव्या साहू

### आठवीं में कृतिका और पांचवीं में काव्या प्रथम

**सिर्री।** एल नन्दन पब्लिक स्कूल सिर्री में कक्षा 5वीं और 8वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 8वीं में कृतिका साहू पिता सोमप्रकाश साहू 97.50 प्रतिशत प्रथम, कुसुमलता साहू पिता टीकाराम 93.50 प्रतिशत द्वितीय तथा भूमिका पिता तरुण साहू 93.33 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रही। 5वीं में काव्या साहू पिता हीराचंद 97.50 प्रतिशत प्रथम, पुष्पांजलि साहू पिता हरखराम 95.50 प्रतिशत, द्वितीय और भुवेंद्र साहू पिता विनोद साहू 95 प्रतिशत तृतीय रहे। इस स्कूल का रिजल्ट पूरे सिर्री संकुल में अव्वल रहा। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक लक्ष्मीकांत साहू, प्रपा मुकेश साहू, शिक्षकगण तिलक साहू, फनेश्वर साहू, गिरिजा शंकर, जानकी साहू, गोमती साहू, दीक्षा, शशिकला, यूनिता, पदमिनी, राखी भोयर, ऊषा साहू, मोतिम साहू ने बच्चों का मुंह मीठा कराया। उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### प्राशा नवागांव का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा


देवेश साहू


प्रेरणा दावना


गिरवर तारक

**सिर्री।** शासकीय प्राथमिक शाला नवागांव (थूहा) में कक्षा 5 वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 5वीं में देवेश कुमार साहू पिता राजेश कुमार साहू 91.50 प्रतिशत प्रथम, प्रेरणा दावना पिता कोमल दावना 84 प्रतिशत द्वितीय, गिरवर तारक पिता विक्रम तारक 82 प्रतिशत द्वितीय रहे। समस्त छात्र-छात्राओं का मुंह मीठा कराया गया। इस मौके पर प्रधानपाठक हेमप्रभा साहू सहित शिक्षकगण भवानी बंजारे, दुलेश्वरी बारले, शाला विकास समिति अध्यक्ष कोमल दावना, उपाध्यक्ष डिगेश्वर साहू, प्रमिला साहू सरपंच, यामिनी पंच, भाभा पंच, तुलसी साहू, रामावतार, शैलेंद्र, शकुन यादव ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## निधन

### चंदूलाल गजेंद्र



**धमतरी।** ग्राम पंचायत अर्जुनी के सेवानिवृत शिक्षक चंदूलाल गजेंद्र 82 वर्ष का रविवार को निधन हो गया। वह वरिष्ठ कांग्रेस नेता टिकेंद्र गजेंद्र, पुष्पेन्द्र कुमार गजेन्द्र के पिताजी थे। उनका अंतिम संस्कार शांति घाट अर्जुनी में संपन्न हुआ।

V SMILE DENDAL
Job Vacancy
डेन्टल क्लीनिक में स्टॉफ जॉब के लिए युवतियों की आवश्यकता है
वी. स्माईल डैंटल सेंटर साहू हॉस्पिटल
श्याम होण्डा के पास, धमतरी
मो. 78796-41171, 98933-99897

गुप्त रोगी स्वयं मिलें
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
धमतरी मो. 9174466336

## निरीक्षण पर पहुंची सभापति को आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने बताई समस्याएं

# आंगनबाड़ी में पानी नहीं, फर्श भी उखड़ चुका है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगर पंचायत नगरी की महिला एवं बाल विकास सभापति अलका साव एवं पार्षद मिक्की गुप्ता, राजा पवार, चेलेश्वरी साहू ने वार्ड क्रमांक तीन स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 4 का निरीक्षण कर वहां की समस्याओं का जायजा लिया।

सभापति ने आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता खिलेश्वरी साहू एवं सहायिका अंजनी साहू को आदेशित किया कि आंगनबाड़ी में



आने वाले बच्चों को निर्धारित समय पर भोजन और नाश्ता एवं गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए केंद्रों में पीने का पानी और ओआरएस की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता खिलेश्वरी साहू ने सभापति एवं पार्षदों को बताया कि जिस कक्ष में बच्चों के लिए भोजन बनाया जाता है वह अत्यधिक जर्जर हो चुका है। आंगनबाड़ी में पानी की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। नीचे का फर्श भी उखड़ चुका है। इस पर सभापति एवं वार्ड पार्षद मिक्की गुप्ता ने तत्काल पानी टंकी लगवाकर पानी की व्यवस्था करवाने एवं महिला बाल विकास विभाग से पत्राचार करके जर्जर छत एवं फ्लोर में टाइल्स लगवाने का आश्वासन दिया।

सभापति अलका साव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य बच्चों और महिलाओं के कल्याण के लिए योजनाओं का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन करना है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए क्षेत्र के भाजपाई



**नगरी।** जनपद पंचायत नगरी अध्यक्ष महेश गोटा एवं कर्णेश्वर धाम ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष विकल गुप्ता शनिवार को छग स्थानीय आदिवासी स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधीय पादप बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष विकास मरकाम के पदभार ग्रहण समारोह में शामिल हुए।

# मरकाम ने संभाला छग आदिवासी स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड का अध्यक्ष पद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष विकास मरकाम ने शनिवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, जीई रोड रायपुर में पदभार ग्रहण किया। समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय थे। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, टंकराम वर्मा तथा अजजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित अनेक वरिष्ठजन, समाज प्रमुख, कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि परंपरागत आदिवासी स्वास्थ्य पद्धतियों के संरक्षण और संवर्धन में बोर्ड की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि विकास मरकाम के नेतृत्व में यह बोर्ड जनजातीय समाज की समृद्ध चिकित्सा परंपराओं को नई दिशा देगा।

श्री मरकाम ने अपने विश्वास दिलाया कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाएंगे तथा आदिवासी समुदाय के पारंपरिक ज्ञान को जनस्वास्थ्य के हित में प्रयोग में लाने हेतु काम करेंगे।

## आदिवासी स्वास्थ्य परंपरा को मिलेगा नया आयाम : सार्वा

- विकास के स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के अध्यक्ष बनने पर हर्ष जताया

**नगरी।** विकास मरकाम को छग आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड का नवनियुक्त अध्यक्ष बनाए जाने पर जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा और सभापति वन विभाग अजय ध्रुव ने हर्ष व्यक्त किया है। इस अवसर पर श्री सार्वा ने कहा कि विकास मरकाम जैसे कर्मठ और जनजातीय समाज के जमीनी कार्यकर्ता को इस महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी मिलना सराहनीय है। उन्होंने विश्वास जताया कि श्री मरकाम के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक आदिवासी चिकित्सा पद्धतियों का संरक्षण और विकास होगा, जिससे न केवल जनजातीय समाज बल्कि संपूर्ण राज्य को लाभ मिलेगा। श्री सार्वा ने कहा



कि यह नियुक्ति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की जनजातीय हितैषी सोच का परिणाम है और इससे सरकार की पारंपरिक चिकित्सा को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। उन्होंने विकास मरकाम के उज्ज्वल कार्यकाल और सफल नेतृत्व की कामना करते हुए कहा कि जिला पंचायत परिवार की ओर से उन्हें पूर्ण समर्थन और सहयोग मिलेगा।

## सुंदरगंज मेनोनाइट चर्च में अवकाशकालीन बाइबिल शाला शुरू

**धमतरी।** सुन्दरगंज मेनोनाइट चर्च में इस वर्ष भी 11 मई तक संध्या 5 बजे से मसीह समाज के बच्चों के लिए अवकाशकालीन बाइबिल शाला का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष बाइबिल शाला का मूल पद आदर का पात्र है। प्रथम दिवस दो सौ से अधिक बच्चों ने भाग लिया। शाला में बच्चे बाइबिल की कहानियां एवं दृष्टांत, मसीह जनों की जीवित गवाही, गीत, संगीत, खेल कूद, चित्रकारी आदि का आनंद ले रहे हैं। इस वर्ष वीबीएस की अधीक्षिका सेविका श्रीमती शैलजा सोनवानी एवं सहायिका श्रीमती सपना पॉल हैं। चर्च के पास्टर आशीष मिलाप, सेवक एससी ख्रिस्टी, केजे विलियम, अनिल राघोवा, सेविका अर्चना नेताम, थेल्मा महतो का मार्गदर्शन प्राप्त हो रहा है। इस आयोजन में पंचायत सदस्य डॉ नीरज नेताम, योगेश लाल, स्वप्निल सोनवानी, मार्विन चरण, नितेश बेथे, प्रणय तिवारी, प्रणय लाल, राजेश मसीह, डॉ विनेश विक्टर एवं श्रीमती सरिता आसाई का सहयोग मिल रहा है।

- प्रथम दिन दो सौ से अधिक बच्चों ने लिया भाग

## भाजपा संगठन महामंत्री ने की कई विषयों पर चर्चा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय भाजपा मंडल अध्यक्ष रोहित मोहन साहू के निवास पहुंचे। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी मंडल मगरलोड के विभिन्न विषयों पर चर्चा की। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष ठाकुर शशि पवार, नलनीश ठोकने, जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा, पूर्व जिला महामंत्री कविंद्र जैन, जनपद सदस्य राजेश साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष मेघा होरी लाल साहू, शक्ति केंद्र प्रभारी सुरेश चेलक, देवशरण तेलासी, जालम साहू, गोपी साहू उपस्थित थे।

### सेना भर्ती का निःशुल्क प्रशिक्षण 12 से

**सिर्री।** ग्राम मौरीकला में 12 मई से सेना भर्ती का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। भूतपूर्व सैनिक उत्तम प्रकाश साहू, कृष्णा निषाद शारीरिक शिक्षक, दुलेन्द्र साहू, राजकुमार विश्वकर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, सरपंच वीणा साहू, पूर्व सरपंच खुशबू यादव ने आसपास के युवाओं से निःशुल्क प्रशिक्षण का लाभ उठाने की अपील की है।

# क्षेत्र के सबसे बड़े बाजार में सुविधाओं की कमी

- दो शौचालय है लेकिन पानी नहीं, आवारा पशुओं से क्रेता-विक्रेता दोनों परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भखारा

नगर पंचायत भखारा में क्षेत्र का सबसे बड़ा बाजार बुधवार एवं शनिवार को लगता है, जिसमें आसपास के छोटे-बड़े व्यापारी यहां व्यापार करने आते हैं। लेकिन नगर पंचायत के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उदासीनता के कारण बाजार में सुविधाओं का अभाव है। बाजार में दो शौचालय है लेकिन वहां गंदगी पसरी हुई है। शौचालय में पानी की व्यवस्था नहीं है। ज्ञात हो कि दू- दराज से लोग यहां बाजार आते हैं लेकिन यहां पीने के पानी के लिए व्यापारियों एवं ग्राहकों को तरसना पड़ता है। बाजार में गाड़ी पार्किंग की कमी के चलते अव्यवस्था बनी रहती है। गाड़ी चोरी होने की भी आशंका बनी रहती है।






सब्जी विक्रेताओं को बाजार में आवारा पशुओं की वजह से तकलीफों का सामना करना पड़ता है। आवारा पशुओं से बाजार में ग्राहकों को भी दुर्घटना होने की आशंका बनी रहती है

नगरवासियों ने नगर पंचायत अधिकारी से बाजार की अव्यवस्था में सुधार की मांग की है।

# कातलबोड़ में 9 से करियर मार्गदर्शन शिविर

- प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों के साथ हारमोनियम, तबला सीखने का मिलेगा मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरूद

निःशुल्क शैक्षिक करियर मार्गदर्शन शिविर का आयोजन परिक्षेत्र साहू समाज बानगर द्वारा शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय कातलबोड़ में 9 मई से किया जा रहा है। इसके लिये परिक्षेत्र साहू समाज बानगर अंतर्गत आने वाले सभी गांव में जाकर सामाजिक पदाधिकारी एवं कर्मचारी प्रकोष्ठ के माध्यम से कार्यशाला लगाई जा रही है।



सर्व समाज के विद्यार्थियों के लिये विभिन्न विषयों जैसे गणित, अंग्रेजी, विज्ञान, भौतिकी, रसायन, स्पोकन अंग्रेजी, संगीत एवं प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी विषय विशेषज्ञों द्वारा कराई जायेगी। गर्मी में समय का सदुपयोग करने के लिये न केवल साहू समाज बल्कि सर्व समाज के पदाधिकारी कक्षा 8 से कालेज पढ़ने वाले विद्यार्थियों को शैक्षिक मार्गदर्शन शिविर तक लाने के लिये प्रयास किया जा रहा है।

इस शिविर में कक्षागत विषयों के अलावा संगीत में रुचि रखने वाले बच्चों के लिये हार्मोनियम, तबला सिखाया जायेगा। कक्षा 8वीं विद्यार्थियों को प्रयास परीक्षा के तैयारी करायी जाएगी और कालेज स्तर के विद्यार्थी के लिये छग व्यापमं भर्ती, छग सिविल सर्विस प्रिलिम्स, एसआई भर्ती, रेलवे भर्ती की क्लासेस लगाई जाएगी। इसके अतिरिक्त जिले के उच्च अधिकारी कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार, एसडीओपी द्वारा मोटिवेशन किया जाता है। जीवन विद्या द्वारा शिक्षा के साथ व्यक्तित्व निर्माण के बारे में बताया जाएगा।

## मड़ाईभाठा में मनाया गया अक्ती पर्व



**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम मड़ाईभाठा में अक्ती पर्व मनाया गया। कार्यक्रम तीन दिन चला। पहले दिन चुलमाटी, तेल, दूसरे दिन मायन एवं बारात स्वागत हुआ। बारात कृष्णा मंदिर से निकली। तारेश्वर महादेव मंदिर में बारात का स्वागत हुआ। बारात बोलेरो से आई थी। 30 अप्रैल बुधवार को आशीर्वाद समारोह व प्रसाद वितरण हुआ। इस कार्यक्रम में मनोज साहू, सरपंच चंद्रेश चांद, पंच इंद्राणी साहू, धर्मेंद्र साहू, खिलेश्वर साहू, बल्ला साहू, टामिन साहू, तारिणी साहू एवं कई ग्रामवासी सम्मिलित हुए।

# 6वीं में संजय कुमार, 7वीं में अनन्या अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डांडेसरा(धमतरी)

शासकीय माध्यमिक शाला भुसरेंगा में परीक्षा परिणाम प्रधानपाठक यूके कोसरिया एवं शाला प्रबन्धन विकास समिति के अध्यक्ष गोपाल पटेल, पालकों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में घोषित किया गया। कक्षा 6 वीं, 7 वीं, 8 वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 6 वीं में प्रथम संजय कुमार यादव, द्वितीय परस पटेल तृतीय याचना यादव रही। कक्षा 7 वीं में प्रथम अनन्या निर्मलकर, द्वितीय अंजलि ध्रुव, तृतीय भावना रही। कक्षा 8 वीं में



प्रथम चांदनी साहू, द्वितीय खुशी ध्रुव, तृतीय क्षमा साहू रही। प्रधानपाठक यूके कोसरिया ने कहा कि सफलता असफलता, सुख दुख जीवन के आयाम है। मौके पर शिक्षकगण लोमश साहू, श्रीमती यामिनी देवांगन, पंच राजेश्वर ध्रुव, पालक विरेन्द्र दीवान, गीता साहू,एसएमसी अध्यक्ष गोपाल पटेल उपाध्यक्ष हीरालाल साहू मौजूद थे।

## गौरैया संरक्षण के लिए खिसोरा में बसेरा अभियान




- समाजसेवी जितेंद्र गौरैया पक्षी को बचाने हर घर के सामने मिट्टी के घोंसले लगा रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

कभी घर आंगन में दिनभर फुदकने-चहकने वाली गौरैया के लिए हमने अपने घरों के दरवाजे व खिड़कियां बंद कर ली हैं। बरामदे पर लगे पौधे व झाड़ियों को काटकर इसकी जगह क्रांक्रीट की दीवारें खड़ी कर दी हैं। एसी की ठंडी हवा खाने के लिए रोशनदान को ढंक दिये हैं। यह स्थिति सिर्फ शहरों की नहीं, बल्कि गांवों व कस्बों की भी है। लोगों की इस बेरुखी के कारण बीते एक दशक में इंसानों के साथ-साथ रहने वाली गौरैया की चहचहाहट काफी कम हुई है लेकिन विलुप्त हो रहे गौरैया के संरक्षण के लिए खिसोरा के समाजसेवी जितेंद्र कुमार साहू ने संजय साहू गौरैया ग्राम आमाकोनी संस्था एक कदम प्रकृति की ओर से प्रेरणा लेकर गली मोहल्लों में बसेरा अभियान चला रहे हैं। हर घर के सामने मिट्टी के घोंसले लगा रहे हैं जिससे गौरैया को बचाकर उसे उसका घर दिलाया जा सके। जितेंद्र साहू ने कहा कि आगे भी गौरैया संरक्षण के लिए योजनाबद्ध रूप से कार्य किया जाएगा। गौरैया नवंबर से लेकर बारिश की शुरुआत तक खासकर मार्च मई माह में घोंसले का निर्माण करती है और यह उनका प्रजनन काल रहता है। उन्होंने ग्रामवासियों से गौरैया के संरक्षण एवं प्रकृति के साथ पर्यावरण की सुरक्षा के लिए भी आगे आने की अपील की है।

## आरक्षित कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को ज्ञापन सौंपा

# प्राचार्य प्रमोशन में रोस्टर आरक्षण लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य आरक्षित वर्ग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन पदोन्नति फोरम के बैनर तले राज्य भर के व्याख्याता संवर्ग, व्याख्याता एलबी संवर्ग, माध्यमिक शाला प्रधान पाठक, शिक्षक, शिक्षक एलबी संपर्क तथा एसटी एससी संवर्ग के शासकीय सेवक महानदी भवन मंत्रालय नया रायपुर में एकत्रित हुए। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा बिना रोस्टर



आरक्षण के प्राचार्य पदों के लिए पदोन्नति आदेश जारी किया गया है, इस विषय पर आपातकालीन बैठक आयोजित की गई। पदाधिकारियों ने बताया कि अविलंब सामान्य प्रशासन विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग तथा अन्य विभागों एवं सरकार को तत्काल ही पदोन्नति में आरक्षण बहाल करने की मांग प्रमुखता से की जा रही है परंतु इसके बाद में भी वर्तमान में स्कूल शिक्षा विभाग में प्राचार्य पद में तथा बिलासपुर संयुक्त संचालक द्वारा बिना रोस्टर आरक्षण के माध्यमिक शाला प्रधानपाठक के पदों पर पदोन्नति प्रदान की गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि पदोन्नति का किसी प्रकार से विरोध नहीं है परंतु पदोन्नति प्रक्रिया में आरक्षित वर्ग के कर्मचारियों अधिकारियों के संवैधानिक अधिकारों का हनन हो रहा है, उस पर कड़ी आपत्ति है। प्रतिनिधिमंडल ने स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव को भी ज्ञापन सौंपा।

## खबर संक्षेप

### बाइक चालक पर दर्ज हुआ मामला

**कांकेर।** आमाबेड़ा थाना के नागरबेड़ा निवासी मृतक सोपसिह सलाम पिता मंगल राम सलाम मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएफ7745 में अपने गॉव की किराना दुकान से सामान लेकर अपने घर वापिस आ रहा था। प्राथमिक शाला नागरबेड़ा के पास पहूंचा था कि विपरीत दिशा से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीआर 2471 का चालक झिटकूराम सलाम ने ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया था। विवेचना के उपरांत मोटर सायकल चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

### अवैध शराब बेचते हुए महिला गिरफ्तार

**कांकेर।** चारामा पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि मंदिर पारा चारामा में एक महिला थैले में शराब रखकर अवैध रूप से बेच रही है। पुलिस मौके पर पहुँचकर आरोपिया सरस्वती उईके के पास से 3 पौवा मशाला एवं 12 पौवा प्लेन देशी मंदिरा कुल 15 पौवा कुल 2700 एमएल प्रत्येक पौवा में 180 एमएल भरा हुआ कीमत 1300 रूपए जप्त करते हुए धारा 34 (1) (क) छत्तीसगढ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई।

### ट्रांसफार्मर लगाने 2 घंटे बंद रही बिजली

**जगदलपुर।** शहर के गुरूद्वारा के पास शनिवार को जगदलपुर जोन की ओर से उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। इससे नया बस स्टैंड, गोयल धर्मशाला, नगर निगम कार्यालय, शांति नगर वार्ड, कोर्ट चौक एवं आसपास के क्षेत्र में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक 2 घंटे बिजली प्रभावित रही। ट्रांसफार्मर लगने के बाद उपभोक्ता ने राहत की सांस ली।

### जातिगत जनगणना की मांग पूरी होने पर मनाया जश्न

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दबाव में मोदी सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराने के घोषणा को लेकर राजीव भवन के समक्ष जश्न मनाते हुए आम जनता को मिठाई का वितरण किया गया। मौर्य ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा जातिगत जनगणना करवाने के निर्णय पर कहा कि हाल ही में कांग्रेस ने अपने राष्ट्रीय अधिवेशन में कांग्रेस नेता लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश में जातिगत जनगणना के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था, इसी के चलते मोदी सरकार बाध्य हुई है। जाति जनगणना का और एक फ़ायदा है, कि यह आरक्षित समूहों के बीच आरक्षण के लाभों का समान वितरण करने में भी काम आयेगा। देश के सभी संसाधनों के न्यायपूर्ण बंटवारे के लिए सर्वे करके यह पता लगाना ज़रूरी है कि देश के संसाधनों और शासन चलाने वाली संस्थाओं पर आखिर किसका क़ब्ज़ा है। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसजन, शहर कांग्रेस के पदाधिकारी, सेवादल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस के समस्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व समस्त पार्षदगण, कार्यकर्ता सहित समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अनूठी प्रथाओं की खोज और दस्तावेजीकरण पर हुई जागरूकता कार्यशाला

**जगदलपुर।** एमिटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ और नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन-इंडिया विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग का एक स्वायत्त संस्थान विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, सहयोगी भागीदार वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से शुक्रवार को बस्तर जिले के माचकोट में छत्तीसगढ़ के अनूठी प्रथाओं की खोज और दस्तावेजीकरण पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में अनूठी प्रथाओं की खोज और दस्तावेजीकरण नामक परियोजना का उद्देश्य जनजाति के स्वदेशी ज्ञान का पता लगाना, उसका दस्तावेजीकरण करना और उसे संरक्षित करना है। छत्तीसगढ़ में बैगा, गोंड और अन्य आदिवासी समूहों जैसे स्वदेशी समुदायों की अनूठी प्रथाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों की खोज, दस्तावेजीकरण और संरक्षण के महत्व के बारे में हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा करना।

---

भुरसीडोंगरी में लगी कृषि चौपाल, जिपं अध्यक्ष ने किया किसानों का उत्साहवर्धन

# वैज्ञानिकों ने मखाना खेती और सरकारी योजनाओं की दी जानकारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम भुरसी डोंगरी में शनिवार को कृषि एवं समवर्ती विभाग धमतरी द्वारा कृषि चौपाल का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न विभागों द्वारा किसानों को कृषि क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों, योजनाओं, संसाधनों समेत उन्हें आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाने की जानकारी साझा की गई।

कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र धमतरी और कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के विशेषज्ञों ने अपने-अपने विभाग से संबंधित योजनाओं एवं कार्यों की जानकारी दी। कृषि वैज्ञानिकों ने मखाना खेती की तकनीक, संभावनाओं और बाजार मांग पर प्रकाश डाला। इसके अलावा किसानों को कृषि यंत्रों पर मिलने वाली सब्सिडी, उन्नत बीजों, जैविक खेती और मृदा परीक्षण जैसे विषयों पर भी जागरूक किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर किसान आधुनिक तकनीक से खेती करें, जिससे उनकी आय में वृद्धि हो सके। उन्होंने फसल चक्र अपनाने, दलहन फसल जैसे चना, मूंग और अरहर की खेती को प्रोत्साहित करने तथा छत्तीसगढ़ की जलवायु के अनुसार फसल चयन करने का सुझाव दिया।

इस अवसर पर जिपं सदस्य गरिमा नेताम, जनपद सदस्य मौसमी मंडावी, सरपंच नीलांबर सूर्यवंशी, उत्कृष्ट किसान और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। किसानों ने भी अपने अनुभव साझा किए और पशुपालन, मत्स्य पालन एवं बहु-आयामी कृषि के विषय में उपयोगी सुझाव दिए। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को आधुनिक खेती के तौर-तरीकों, सरकारी योजनाओं तथा तकनीकी सहायता के बारे में जानकारी देनी थी, ताकि वे खेती को एक लाभकारी व्यवसाय के रूप में अपनाकर आर्थिक रूप से मजबूत बन सकें। कार्यक्रम में अतिथियों ने किसानों को योजनाओं से जुड़ने, प्रशिक्षण लेने और आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी। चौपाल का समापन किसानों की जिज्ञासाओं के समाधान एवं योजना आवेदन प्रक्रिया की जानकारी के साथ हुआ।

# डीएलएड एवं डीएड की ट्रेनिंग पुनः प्रारंभ करने की मांग



■ अशासकीय विद्यालय संचालक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

छग राज्य अशासकीय विद्यालय संचालक संघ की प्रदेश कार्यकारिणी का गठन रायपुर के एक होटल में हुआ। प्रदेश अध्यक्ष सुबोध राठी एवं प्रदेश सचिव मनोज पाण्डेय ने सर्वसम्मति से विभिन्न पदाधिकारियों का चयन किया। बैठक में 17 जिलों के पदाधिकारी उपस्थित हुए। वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज गुप्ता, उपाध्यक्ष स्टेफर्ड बर्न्स, जितेंद्र तिवारी, रामकिंकर पाण्डेय, अजय दुबे, विशंभर साहू सारंगढ़ बनाए गए। सहसचिव उमेश साहू, ब्रह्म दत्त त्रिपाठी, अक्षय दुबे, मोहम्मद फिरोज, पुष्कर गोस्वामी, पारखदास मानिकपुरी धमतरी और संतोष तिवारी को बनाया गया। कोषाध्यक्ष विनोद पाण्डेय धमतरी बनाए गए।

कार्यकारिणी में सभी जिलों के पदेन अध्यक्ष एवं सचिव, सदस्य रहेंगे। बैठक में निजी विद्यालय से संबंधित विभिन्न मांगों और समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान आरटीई की प्रतिपूर्ति की राशि बढ़ाने, आरटीई राशि प्रतिवर्ष मार्च माह तक मिलने, छग पाठ्य पुस्तक निगम की पुस्तक को संकुल स्तर तक पहुंचाने एवं अशासकीय विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं को प्रशिक्षित करने के विगत कुछ वर्ष पूर्व प्रारंभ किए गए डीएलएड एवं डीएड की ट्रेनिंग व्यवस्था को पुनः प्रारंभ करने की मांग की गई। संगठन ने वर्तमान में बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग को देखते हुए चिंता जताई। संगठन ने तय किया है कि अपने 6000 स्कूल सदस्यों के साथ तथा वहां पढ़ने वाले 15 लाख से अधिक बच्चों को लेकर शॉर्ट टर्म एवं लांग टर्म योजना बनाई जाएगी। अतिशीघ्र स्कूलों में वाटर हार्वेस्टिंग को लेकर व्यापक अभियान प्रारंभ किया जाएगा। जल संरक्षण के लिए सभी स्कूल में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनाया जाएगा। विद्यार्थियों को अपने घरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम घरों की छत पर टेरेस गार्डनिंग के लिए प्रेरित किया जाएगा।

सुशासन तिहार में मिले आवेदन का किया गया तुरंत निराकरण

# हेमलता के घर पहुंची स्वास्थ्य टीम ने की आंखों की जांच, दिया चश्मा

**धमतरी।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन तिहार का लाभ अब घरों तक भी पहुंचने लगा है। आवेदकों द्वारा दिए गए आवेदनों पर कार्यवाही तेजी से की जा रही है। साथ ही शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को बताया जा रहा है। जिले के वनांचल नगरी स्थित ग्राम उमरगांव की कुमारी हेमलता मानिकपुरी ने सुशासन तिहार में अपनी आंखों की परेशानी के संबंध में आवेदन दिया था। आवेदन पर तत्काल कार्यवाही करते हुए स्वास्थ्य विभाग की टीम ने हेमलता के घर में दस्तक दी। टीम ने हेमलता की आंखों की बारीकी से जांच की और उपचार के बाद उन्हें चश्मा की जरूरत बताई। स्वास्थ्य विभाग ने आवेदिका हेमलता की आखों का उपचार तो किया साथ ही उन्हें निःशुल्क चश्मा भी दिया। अपने ही घर में आंखों का



उपचार होने और चश्मा मिलने पर हेमलता ने खुशी जाहिर की और मुख्यमंत्री श्री साय का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने बताया कि पहले आंखों में तकलीफ होने की वजह से वह पढ़ाई-लिखाई नहीं कर पाती थी। अब उन्हें चश्मा मिल जाने से पढ़ने-लिखने में आसानी हो रही है।

# पहले दिन अकलाडोंगरी, जोरातराई और कुकरेल में लगेंगे समाधान शिविर

■ सुशासन तिहार का तीसरा चरण आज से शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

सुशासन तिहार का तीसरा चरण सोमवार पांच मई से शुरू होगा। पहले दिन धमतरी विकासखण्ड के अकलाडोंगरी, कुरूद विकासखण्ड के ग्राम जोरातराई और नगरी विकासखण्ड के ग्राम कुकरेल में समाधान शिविर लगेंगे। यह समाधान शिविर आयोजन स्थल के आसपास की 10-12 ग्राम पंचायतों का क्लस्टर बनाकर आयोजित होंगे। अकलाडोंगरी में आयोजित समाधान शिविर में चिखली, तिर्रा, मोंगरागहन, कोड़ेगांव रै, कोड़ेगांव बी और अकलाडोंगरी के क्लस्टर शामिल होंगे।

कुरूद के जोरातराई में आयोजित समाधान शिविर में ग्राम कोर्रा, सेमरा सी, जोरातराई सी, जुगदेही, ईर्रा, चरोटा, भेण्डरा, सिलौटी, गातापार को और तर्रागोंदी के ग्रामीण शामिल होंगे। इसी तरह नगरी के कुकरेल के समाधान शिविर में माकरदोना, कुकरेल, सियादेही, कांटाकुर्रीडीह, बनबगौद, दरगहन, सलोनी, छुही, केरेगांव, बाजार कुर्रीडीह, डोकाल, झूरातराई, सियारीनाला, चनागांव, भोथीपार और कुम्हड़ा के लोग शामिल होंगे।

इन समाधान शिविरों में अभियान के पहले चरण में जिलेवासियों से मिले आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी जाएगी। लोगों को उनके आवेदनों पर की गई कार्रवाई, मांगों की पूर्ति और समस्याओं पर किए गए समाधान की जानकारी विभागवार, ग्राम पंचायतवार दी जाएगी। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने लोगों से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

# हिंदू धर्म के पुर्न संस्थापक शंकराचार्य भगवान का प्राकट्य महोत्सव जगन्नाथ मंदिर में भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

आदि गुरु शंकराचार्य भगवान के 2532 वें प्राकट्य महोत्सव के पावन अवसर पर शहर जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में पूजन आराधना एवं सत्संग का भव्य धार्मिक आयोजन पीठ परिषद, आदित्यवाहनी-आनंदवाहिनी बस्तर के कर्मकर्ताओ

■ आदित्यवाहनी-आनंदवाहिनी के धार्मिक आयोजन में विधायक और महापौर सम्मलित हुए

के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान वाहिनी के दिक्षार्थियो ने भजन-कीर्तन और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

रात 8 बजे से आयोजित आयोजन में आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी के मुखवृन्द से आदि गुरु शंकराचार्य भगवान के हजारों वर्ष पूर्व भारत मे धर्म की रक्षा और सनातनी हिंदुओ को इसमे भागीदारी करने किये गए प्रयास और योगदान पर विस्तार से जानकारी दी। आदि गुरु शंकराचार्य उत्तरप्रदेश के मंडन गांव पहुंचे तो प्रकांड ज्ञानी मंडन मिश्र से शास्त्रार्थ हुआ। जिसमें मंडन मिश्र को हार स्वीकार कर आदि गुरु शंकराचार्य के शिष्य बन गए। ऐसे आद्य गुरु अल्पआयु में ही भारत मे धर्म की



स्थापना की। आचार्य पंडित रोमितराज ने बताया आद्य गुरु ने ही देश के चार दिशाओं में चार मठ और पीठ की स्थापना की।

उत्तर में पहला पीठ में पहले शंकराचार्य के रूप में मंडन मिश्र को पीठाधीश्वर बनाया। ततपश्चात पश्चिम,पूर्व और दक्षिण में मठ पीठ स्थापित कर चारो पीठो में शंकराचार्य को धर्म की रक्षा करने का कार्य सौपा। इसलिए आज के शुभ दिवस के अवसर पर आदि शंकराचार्य जी के 2532 वें जयंती पर देश भर में हर्षोल्लास से मनाया गया। आयोजन में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देवसिंह, महापौर संजय पांडे, निगम के एमआईसी सुरेश गुप्ता, निर्मल पाणिग्राही, संग्राम सिंह राणा और लक्ष्मण झा समेत विहिप के प्रांत पदाधिकारी रवि ब्रम्हचारी, योगेंद्र कौशिक, जिलाध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता, नवीन देवांगन, सर्व हिन्दू समाज के जिला सचिव रंजीत पांडे व बड़ी संख्या में गोवर्द्धन मठ पूरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती की सेना आदित्यवाहनी-आनंदवाहिनी के मातृ शक्ति व पुरुष कर्मकर्ता सम्मलित थे। वही ब्राम्हण समाज व सर्व हिन्दू समाज के भी पदादिकारी व अन्य सम्मलित हुए।

आदि गुरुशंकराचार्य भगवान के पूजा-अर्चना और संगोष्ठी पश्चात पंडितो और श्रद्धालुओं के द्वारा आरती की गई, ततपश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान आदित्यवाहनी के दृशान चक्रवती आदित्यवाहनी के जिलाध्यक्ष योगेश ठाकुर, योगेश शुक्ला, एल गुप्तेश्वर राव, अभय दीक्षित, संतोष बाजपेई, राकेश साहू, प्रवीण द्विवेदी, किरण शुक्ला, मृणाल मलिक, जीपी पांडे, चन्दन मिश्रा, आनंदवाहिनी की जिलाध्यक्ष गीता शुक्ला, सरिता पांडे, बासंती सामंत, ममता राणा, आरएन पांडे, आदित्यवाहनी के सम्भाग अध्यक्ष अनिल सामंत का आयोजन में योगदान रहा। इस दौरान मनोहर दत्त तिवारी, आर्येन्द्र सिंह आर्य, शशिनाथ पाठक, सुमित महापात्र, अनिल शुक्ला, पंकज आचार्य, आशु आचार्य व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# अपहरण व नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले गए जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ चारामा

थानाक्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने कांकेर के राजापारा से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार परिजनों ने 23 फरवरी 2025 को पुलिस को बताया था कि नाबालिग घर से बिना बताए कहीं चली गई है। सहेली एवं आसपास घरो में तथा रिश्तेदारों में पतासाजी किए जाने के उपरांत नहीं मिलने पर 25 फरवरी को गुम इंसान का प्रकरण दर्ज किया गया, उसके बाद पुलिस उसकी पतासाजी में जुट गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला के निर्देशन, एएसपी दिनेश सिन्हा के मार्गदर्शन, एसडीओपी मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में ओर थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू के



नेतृत्व में टीम गठित कर नाबालिक की पता तलाश किया गया। विवेचना में पुलिस को 2 मई को जानकारी मिली कि नए बस स्टैंड कांकेर के सार्वजनिक स्थान से परिजनों व मौके पर मौजूद गवाहों के समक्ष नाबालिक को बरामद कर थाना चारामा लाकर परिजनों के समक्ष पीड़िता का महिला विवेचना अधिकारी द्वारा पूछताछ कर कथन लिया गया। नाबालिग ने बताया कि 23 फरवरी को बिना बताए घर से निकलकर कांकेर में राजापारा मंदिर के पास बैठी थी। रात करीबन एक बजे एक लड़का मेरे पास आया और मुझसे मेरा नाम पता पूछा, मैने उसे

**कार्रवाई में इनका रहा योगदान**

कार्रवाई में निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू, सउनि कलावती थापा, महिला प्रधान आरक्षक ज्योति मिश्रा, आरक्षक अनिता जुरी, आरक्षक देवकरण नेताम, आरक्षक चन्द्रहास विश्वकर्मा का योगदान रहा।

नाम बताया। रात होने एवं किराया रूम नहीं मिलने से नाम पूछने वाले लड़के विकास विश्वकर्मा मुझे अपने मामा के घर लेकर गया।तुमसे प्यार करता हूं और शादी करूंगा बोलकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने बयान के आधार पर प्रकरण में धारा 64,64 (ड),65 (1) बीएनएस 4,6 पॉक्सों एक्ट जोड़ा गया। पुलिस आरोपी विकास विश्वकर्मा पिता देवनाथ विश्वकर्मा उम्र 23 वर्ष निवासी राजापारा को पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार करने पर 4 मई को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

# वार्षिक मंड़ई में शामिल हुए विधायक एवं सांसद

हारिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

ग्राम बम्हनी में वार्षिक मंडई में विधायक किरण देव एवं सांसद महेश कश्यप ने माता सोनादई मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ प्रदेश व बस्तर की सुख समृद्धि की माता से कामना की। ग्रामवासियों ने विधायक एवं सांसद का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर स्वागत किया। देव ने कहा कि बम्हनी मे माता सोनादई मंदिर में ऐतिहासिक वार्षिक मंडई में शामिल होकर आप सभी के बीच आकर अभिभूत हूं। मेला में सभी क्षेत्र की जनमानस को बधाई। बस्तर में आयोजित मेला, मंडई का अपना विशेष महत्व होता है। जिसमें हमारी बस्तर की कला संस्कृति, परम्परा का समावेश होता है। सांसद ने भी ग्रामीणों को शुभकामनाएं दी।

# छात्रों में दिखा उत्साह, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम करेंगे रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल में टूएनो स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में 15 दिवसीय स्पीड रोलर स्केटिंग कैंप का समापन 3 मई को हुआ। उत्कृष्ट प्रदर्शन वालों को प्रमाण पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि स्पीड रोलर स्केटिंग फेडरेशन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और छत्तीसगढ़ स्पीड रोलर स्केटिंग फेडरेशन के महासचिव किशोर भंडारी ने कहा कि टूएनो स्पोर्ट्स और जेपी



इंटरनेशनल स्कूल का यह संयुक्त प्रयास रोलर स्केटिंग कैम्प को कांकेर में एक नई पहचान देगा। इन 80 बच्चों का जोश और प्रतिभा देखकर मुझे विश्वास है कि यह भविष्य में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपने पालक, विद्यालय, कांकेर एवं छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के निदेशक मंडल के सदस्य शंकर गिदवानी ने कहा टूएनो स्पोर्ट्स के साथ यह साझेदारी हमारे बच्चों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों को बधाई एवं समस्त पालकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि जल्द ही हम अन्य खेलों के लिए इसी तरह के शिविर आयोजित करेंगे।

HEALTH TOWN

k'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
◀ रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### ट्रांसफार्मर लगाने 2 घंटे बंद रही बिजली

**जगदलपुर।** शहर के गुरूद्वारा के पास शनिवार को जगदलपुर जोन की ओर से उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। इससे नया बस स्टैंड, गोयल धर्मशाला, नगर निगम कार्यालय, शांति नगर वार्ड, कोर्ट चौक एवं आसपास के क्षेत्र में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक 2 घंटे बिजली प्रभावित रही। ट्रांसफार्मर लगने के बाद उपभोक्ता ने राहत की सांस ली।

### जातिगत जनगणना की मांग पूरी होने पर मनाया जश्न

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दबाव में मोदी सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराने के घोषणा को लेकर राजीव भवन के समक्ष जश्न मनाते हुए आम जनता को मिठाई का वितरण किया गया। मौर्य ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा जातिगत जनगणना करवाने के निर्णय पर कहा कि हाल ही में कांग्रेस ने अपने राष्ट्रीय अधिवेशन में कांग्रेस नेता लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश में जातिगत जनगणना के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था, इसी के चलते मोदी सरकार बाध्य हुई है। जाति जनगणना का और एक फ़ायदा है, कि यह आरक्षित समूहों के बीच आरक्षण के लाभों का समान वितरण करने में भी काम आयेगा। देश के सभी संसाधनों के न्यायपूर्ण बंटवारे के लिए सर्वे करके यह पता लगाना ज़रूरी है कि देश के संसाधनों और शासन चलाने वाली संस्थाओं पर आखिर किसका क़ब्ज़ा है। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेसजन, शहर कांग्रेस के पदाधिकारी, सेवादल, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस के समस्त अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व समस्त पार्षदगण, कार्यकर्ता सहित समस्त मोर्चा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### वार्षिक मंड़ई में शामिल हुए विधायक एवं सांसद

जगदलपुर। ग्राम बम्हनी में वार्षिक मंडई में विधायक किरण देव एवं सांसद महेश कश्यप ने माता सोनादई मंदिर पहुंच पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ प्रदेश व बस्तर की सुख समृद्धि की माता से कामना की। ग्रामवासियों ने विधायक एवं सांसद का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर स्वागत किया। देव ने कहा कि बम्हनी मे माता सोनादई मंदिर में ऐतिहासिक वार्षिक मंडई में शामिल होकर आप सभी के बीच आकर अभिभूत हूं।

## इतवारी बाजार अपडेट : टमाटर 7 रूपये तो भटा, गोभी, केला, पत्तागोभी 20 रूपये किलो बिका

# बेमौसम बारिश से सब्जियों की फसल खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिले में सप्ताह भर से हो रही असमय बारिश से हरी सब्जियों की फसल खराब हो गई है। बदली, ओले से टमाटर खराब हो गया। गोभी, करेला, बरबटी, भिंडी, बैंगन में कीड़े लग गए। खराब हुई सब्जियों के दाम में उछाल आ गया है। टमाटर, मूली, पत्तागोभी जैसी सब्जियों के दाम औंधे मुंह गिरे। लाखों की लागत से सब्जी की खेती करने वाले कृषकों को भारी नुकसान हो गया है। बाजार में चिल्हर व्यवसायी भी उठाव नहीं होने से परेशान हैं।



सब्जी विक्रेता गणेशिया सोनकर ने बताया कि सब्जी बेचने के साथ वह अपनी 3 एकड़ बाड़ी में सब्जी की खेती करते हैं। बारिश से सभी प्रकार की सब्जी फसल खराब हो गई। फल से लदे पौधे पानी भरने से गल गए। तेज आंधी तूफान से पौधे जमीन पर लेट गए। उत्पादन प्रभावित होने से उन्हें लाखों का नुकसान हुआ है।

उन्होंने बताया कि रविवार को टमाटर का भाव एकदम से गिर गया। चिल्हर बाजार में 7 रूपये किलो बिका। थोक मंडी में 3 से 5 रूपये किलो बिका। लौकी 10 में बिका तो भटा, कुम्हड़ा, गोभी, केला, पत्तागोभी, डोड़का जैसी सब्जियां 20 रूपये किलो रही। गाजर, कुंदरू, भिंडी, तोराई, परवल 40 में बिका। बरबटी, ग्वारफल्ली, हरी मिर्च, कोचई, ढेंस, शिमला, टिंडा 60 रूपये किलो रहा। मुनगा, धनिया हरा 80 रूपये बिका।

### आलू-प्याज 25 में स्थिर

पिछले माह भर से आलू प्याज की आवक बराबर बनी हुई है जिसकी वजह से चिल्हर बाजार में दोनों 25 रूपये किलो बिक रहे हैं। इस माह दाल के रेट में भी गिरावट आई है। अरहर दाल बेस्ट 120 रूपये में बिकी। इस सप्ताह शक्कर 45, गुड़ 50, खड़ी हल्दी 150-200, जीरा 290, काली मिर्च 780, लहसुन 90-100, सरसों 70, मेथी 80, मसूर दाल 85, चना 75, काबुली चना 100-120, मटर सफेद 60, मटर हरा 100, चनादाल 85, पोहा 50, मसूर खड़ा 80 रूपये किलो बिका। अंडा 65 रूपये दर्जन रहा।

## पाकिस्तान को सबक सिखाने जिले के पूर्व सैनिक सीमा पर जाने को तैयार



- पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए भारतीय नागरिकों को दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला धमतरी की मासिक बैठक रविवार को हुई। बैठक की शुरुआत में सभी पूर्व सैनिकों ने पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए भारतीय नागरिकों को दो मिनट की मौन श्रद्धांजलि दी। इस हमले की घोर निंदा की।

पूर्व सैनिकों ने कहा कि अगर भारत पाक युद्ध होता है तो पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए धमतरी जिले के पूर्व सैनिक भारतीय सैनिकों की मदद के लिए सीमाओं पर जाने के लिए तैयार है। आगे कहा कि अगर जिला प्रशासन का सहयोग मिला तो पहले की तरह पूर्व सैनिकों द्वारा जिले के युवाओं को सेना में भर्ती के लिए निःशुल्क प्रशिक्षण देने को तैयार है।

बैठक में जिला अध्यक्ष केपी साहू, संरक्षक मुरारी लाल साहू, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, कोषाध्यक्ष सुनील जॉन, चंद्रकुमार यदु, अजय पुरी गोस्वामी, जौहरलाल मंडावी, लक्षण लाल साहू, महेंद्र कुमार श्रीसंत, घनश्याम कैवर्त उपस्थित थे।

## भैंसमुंडी मगरलोड के समाजसेवी ने की स्कूल को स्मार्ट टीवी भेंट



- खरतुली स्कूल में परीक्षा परिणाम घोषित
- सामुदायिक सहभागिता से पालकों ने बच्चों के लिए 29000 रूपए देने की घोषणा की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

प्राथमिक शाला खरतुली में परीक्षा परिणाम की घोषणा एवं स्मार्ट टीवी प्रदाय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि तुमनचंद साहू समाजसेवी भैंसमुंडी मगरलोड थे। अध्यक्षता उमेश्वर नेताम सरपंच खरतुली ने की। विशिष्ट अतिथि भारत राम साहू अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति ,सुरेश सिन्हा उपसरपंच, तामसराम सिन्हा उपाध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, आकाश गिरी गोस्वामी व्ख्याता खरतुली थे। प्रधानपाठक दीनबन्धु सिन्हा ने परीक्षा परिणाम की घोषणा की।

कक्षा में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को पुरस्कार प्रदान किया गया। तुमनचंद साहू एवं शिक्षकों के सहयोग से स्मार्ट टीवी विद्यालय को समर्पित किया गया। श्री साहू ने पालकों को सामुदायिक सहकारिता के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन रश्मि साहू कक्षा चौथी व आभार प्रदर्शन प्रधानपाठक दीनबन्धु सिन्हा ने किया। कार्यक्रम में शिक्षिका राजेश्वरी ठाकुर, तारकेश्वरी सोनबेर, कल्याणी ठाकुर, कंचन धुरन्धर, रसोइया ओमेश्वरी मेश्राम, लता यादव, तुलसी उइके का योगदान रहा।

## धमतरी ब्लॉक के पांच शिक्षकों को मिला एफएलएन सह नवाजतन वारियर्स सम्मान

- बच्चों में 100 प्रतिशत दक्षता लाने के लिए दिया गया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एफएलएन सह नवाजतन वारियर्स सम्मान समारोह में धमतरी जिला पूरे छग में दूसरे स्थान पर है। सम्मान समारोह आंजनेय यूनिवर्सिटी रायपुर में आयोजित किया गया जिसमें धमतरी ब्लाक के 5 शिक्षकों को एससीईआरटी छग के संचालक ऋतुराज रघुवंशी ने सम्मानित किया। राज्य स्तरीय पुरस्कार के लिए सबसे ज्यादा धमतरी जिले के 10 शिक्षक, शिक्षिकाओं का चयन हुआ है। गर्व की बात यह है कि धमतरी जिले के 10 शिक्षकों में से 5 शिक्षक धमतरी ब्लाक से हैं। धमतरी ब्लाक से चार शिक्षक शासकीय उन्नत प्राथमिक शाला मुड़पार में पदस्थ हैं। चयनियत शिक्षक रमेश कुमार यादव प्रधान पाठक, उर्मिला नेताम सहायक शिक्षक और महेश्वरी सिन्हा व शशिकला जाधव हैं।



वहीं शासकीय प्राथमिक शाला पुरी से वेदिका ध्रुव है। यह सम्मान उन्हें अपने विद्यालय में एफएलएन सह नवाजतन के तहत बच्चों में कक्षा स्तर की 100 प्रतिशत दक्षता लाने में बेहतर प्रयास करने पर दिया गया है।

सफल आयोजन के लिए कोर टीम के 66 सदस्यों को भी सम्मानित किया गया जिसमें धमतरी ब्लाक के कोर मेम्बर अनुसुईया सिन्हा भी शामिल हैं। संकुल अछोटा की सीएसी मालती साहू भी साथ में थी। अतिरिक्त संचालक डॉ. योगेश शिवहरे एवं उप संचालक लोक शिक्षण संचालनालय आशुतोष चावरे की उपस्थिति में राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

इस उपलब्धि पर डीईओ टीआर जगदल्ले, अमित तिवारी बीईओ धमतरी, एफएलएन जिला प्रभारी डाइट नगरी संगीता रनघाटी व्याख्याता, ललित सिन्हा बीआरसीसी धमतरी, राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा व अनुसुईया सिन्हा एसआरजी, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष मेलाराम निषाद, उपाध्यक्ष बिन्दु ध्रुव, शिक्षाविद भुनेश्वर निषाद, सरपंच दशोदा यादव, तेजबती निषाद, टिकेश्वरी निषाद व ग्रामवासियों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## संबलपुर उमावि स्कूल के व्याख्याता सेवकराम को सेवानिवृत्ति पर दी विदाई




हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संबलपुर के व्याख्याता सेवकराम चंद्रवंशी की सेवा अवधि पूर्ण होने पर विद्यालय परिवार द्वारा उन्हें शाल, श्रीफल, मोमेंटो भेंटकर विदाई दी गई। प्राचार्य शैलेंद्र तरार ने उसके शिक्षकीय जीवन की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला।

मौके पर प्रधानपाठक मनिहार, प्राथमिक शाला के प्रधानपाठक झमित मेश्राम, शशिप्रभा चन्द्राकार, हरमीत कौर खालसा, प्रमोद शार्दुल, कुसुम साहू, एन जाधव, सुनीता वाधवानी, आरएस साहू, श्वेता देशमुख, ओंकार पटेल, सोमा साहू, कुशल देवांगन, कविता चन्द्राकर, मसीह मैडम, योगेश्वर वर्मा, अंगेश्वर मरकाम, कुमारी सहारे, गयाराम साहू उपस्थित थे।

## एकता और एकजुटता की मिसाल है आदिवासी समाज : रोहरा

- भानपुरी में आदिवासी गोंड़ समाज का वार्षिक सम्मेलन हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम भानपुरी में आदिवासी गोंड़ समाज तहसील धमतरी का वार्षिक सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में वक्ताओं ने गोंड़ समाज की ऐतिहासिक विरासत, परंपराओं और आज की चुनौतियों पर प्रकाश डाला। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में समाज को आगे बढ़ाने पर चर्चा की। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। सामूहिक विवाह का भी आयोजन हुआ। सम्मेलन में वक्ताओं ने समाज के विभिन्न वर्ग को एक सूत्र में बांधने की आवश्यकता पर बल दिया। समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि एकजुट समाज ही अपनी संस्कृति, अधिकारों और पहचान की रक्षा कर सकता है। सम्मेलन में बतौर अतिथि महापौर रामू रोहरा, विधायक ओंकार साहू शामिल हुए। श्री रोहरा ने कहा कि आदिवासी समाज मेहनतकश व भोलाभाला है। एकता और एकजुटता की मिसाल है। मुझे आदिवासी समाज के बीच कई बार काम करने का अवसर मिला है। आज प्रदेश में आदिवासी समाज से मुख्यमंत्री हैं जिसके नेतृत्व में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है।





मौके पर आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज के संरक्षक जीवराखन मरई, जिलाध्यक्ष माधवसिंह ठाकुर, तहसील अध्यक्ष जयपाल सिंह ठाकुर, चंद्रकला नेताम, ईश्वरी नेताम, सरपंच ईश्वर साहू, जनपद सदस्य अग्रवाल साहू, रामरोशन ध्रुव, उदय नेताम, अनीता ठाकुर, पार्षद श्यामलाल नेताम, भीखम नेताम, ठाकुरराम नेताम, रामसाय मंडावी, सुभाष कतलम सहित समाज के हजारों लोग उपस्थित थे।

## ग्रीष्मकालीन अवकाश में सेवा पुस्तिका संधारण के लिए शिविर लगाने की मांग

- छग टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक इकाई धमतरी ने अपनी मांगों को लेकर बीईओ को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक शाखा धमतरी के एक प्रतिनिधिमंडल ने ब्लॉक अध्यक्ष गेवाराम नेताम के नेतृत्व में विकासखंड शिक्षा अधिकारी अमित तिवारी से मुलाकात कर अपनी मांगों के निराकरण के लिए ज्ञापन सौंपा।



उनकी प्रमुख मांगों में ग्रीष्मकालीन अवकाश अवधि में शिक्षक संवर्ग के लिए सेवा पुस्तिका संधारण कार्य के लिए शिविर लगाने, सीजीपीएफ पासबुक का नियमित संधारण करने, दिवंगत शिक्षक एलबी संवर्ग के लंबित प्रकरणों, देयकों का शीघ्र निराकरण करने, शिक्षक संवर्ग के फॉर्म 16 का समय-सीमा में वितरण करने, ग्रीष्मकालीन अवकाश अवधि में किसी प्रकार का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित न करने, ग्रीष्मकालीन अवकाश में समर कैंप का आयोजन पूर्णतया स्वैच्छिक है जिसे दबाव डालकर कार्य नहीं करवाने, कार्यालय में शिक्षक संवर्ग के साथ सम्मानजनक व्यवहार, विभागीय बीएड फार्म में अनुशंसा हेतु हस्ताक्षर करने, परीक्षा अथवा योग्यता वृद्धि हेतु अनुमति आवेदन पत्र प्राप्त करने, सेवा पुस्तिका में पूर्व में छूटे हुए हस्ताक्षर शामिल हैं।

बीईओ ने मांगों के निराकरण के लिए सकारात्मक पहल करने की बात कही। इस अवसर पर जिला महासचिव राहुल नेताम, ब्लॉक सचिव हरीश कुमार साहू, कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार साहू सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### छात्रों ने राहगीरों को पानी पिलाया

**धमतरी।** नत्थूजी जगताप नगर पालिक निगम हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों ने भीषण गर्मी में प्याऊ घर में राहगीरों को पानी पिलाया।



## योग से हो रहे निरोग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

करें योग, रहे निरोग इस भाव को दृष्टि में रखकर नेहरू गार्डन में जननी सेवा संस्थान अर्जुनी द्वारा 1 से 25 मई तक स्पेशल योग क्लास आयोजित हो रही है। योग का समय से 7 बजे है। योग शिक्षिका सुश्री निकिता धर्मगुड़ी द्वारा योग सिखाया जा रहा है। इसके संयोजक श्रीमती सरिता दोशी, शेषनारायण गजेंद्र हैं।



### उजरावन में अक्ती का पर्व मनाया गया

**नगरी।** अक्ती का पर्व ग्राम उजरावन में पूरे रीति-रिवाज से मनाया गया। परंपरागत गुड्डा-गुड़ियों के विवाह की रस्म निभाई गई। बच्चे दो दिन पहले मंडप सजाने में जुटे रहे। बच्चों ने तोरण से आंगन को सजाया था। मंगलवार को चुलमाटी से विवाह की शुरुआत हुई। बच्चे मंडप पर बाजे-गाजे के साथ थिरकते नजर आए।

### मंडप सजाकर निभाई शादी की रस्म

**सिर्री।** अक्षय तृतीया का पर्व चिंवरी में धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने गुड्डे गुड़ियों का विवाह कराया। हल्दी, संगीत में सभी झूमते नजर आए।






### बेटियों के पैर छूकर ग्रुप की रूबी गोयल ने घरवा की रस्म पूरी की

## उपहार ग्रुप ने विवाह के पूर्व तीन बेटियों का 'खोल भरा', शादी के उपहार दिए

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सुभाषनगर वार्ड की अनुसुइया बाई ढीमर पति स्व. तुलसीदास ढीमर की दो बेटियों जुगनी और ज्योति तथा परसतराई की दुलारी बाई पटेल पति स्व. मिलन पटेल की बेटी कुसुम का विवाह 7 एवं 8 मई को होना तय हुआ है । पति की आकस्मिक मृत्यु के बाद दोनों माताओं ने गंभीर आर्थिक संकट की परिस्थितियों में बेटियों की परवरिश की। सगी बहनें जुगनी और ज्योति की बारात दुर्ग के दो सगे भाइयों के साथ आएगी और कुसुम की बारात रेवती नवागांव से आएगी।

इन तीनों बेटियों को बेटी को उपहार ग्रुप के माध्यम से कुछ उपहार दिए गए और परिवार को राशन उपलब्ध कराए गए। पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस रत्नाबांधा रोड में आयोजित एक कार्यक्रम में बेटी को उपहार ग्रुप की सदस्यों ने तीनों बेटियों को बिठाकर तिलक लगाकर शादी की पोशाक, श्रृंगार सामग्री देकर उनका खोल भरा।



श्रीमती रूबी गोयल ने तीनों बेटियों को ज्वेलरी, साड़ियां मंगोड़ी भरा डिब्बा भेंटकर और उनके पैर छूकर घरवा की रस्म निभाई। इस अवसर पर मौजूद एसडीएम पीयूष तिवारी ने बेटियों को शगुन का लिफाफा और मिठाई का डिब्बा भेंट किया। बेटियों ने उनसे आशीर्वाद लिया।

ग्रुप की संयोजक डॉ. सरिता दोशी ने बताया कि धमतरी के विभिन्न समाजों के 35 सदस्यों से उनका ग्रुप बना है। विगत 8 वर्षों से बेटियों के विवाह में जरूरतमंद परिवारों को सहयोग कर रहे हैं। अभी तक उनके ग्रुप ने 18 बेटियों को उपहार देकर खोल भरने की परंपरा निभाई है। इन तीनों बेटियों के साथ उनकी संख्या 21 हो गई है। मौके पर वर्षा खंडेलवाल, पायल खंडेलवाल, आरती सोनी, सुलेखा जोशी, गौरव लोहाना, सुभाष मलिक, रितेश गोयल समेत अनुसुइया बाई, दुलारीबाई, रामचरण पटेल, कमलनारायण पटेल और रेशमा मेश्राम उपस्थित थे।


तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं-
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)

डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020